-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 12.10.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम द्वारा समस्त थाना क्षेत्रों में चलाया गया सघना जागरुकता अभियान। शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, सहायता सेवाओं, साइबर अपराधों आदि के बारे में चलाया गया जागरुकता अभियान।**

विवरण- मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सघन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम आज दिनांक 12.10.2025 को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सचिवालयों में मिशन शक्ति टीम द्वारा बालिकाओं, महिलाओं एवं बच्चों को एकत्रित कर चौपालों एवं संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं/बालिकाओं को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, सहायता सेवाओं, महिला अपराधों से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों, हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिभागियों को अभियान से संबंधित टेम्पलेट्स वितरित किए गए, जिनमें विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। जागरुकता अभियान के क्रम में थाना मरका की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम मरका में, थाना फतेहगंज की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम बघेलाबारी में, थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम चहितारा में, थाना पैलानी की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम पडेरी में, थाना मटौंध की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा मटौंध में, थाना जसपुरा की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा जसपुरा में, थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम कतरावल में, थाना नरैनी की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा नरैनी में, मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत वृहद रुप से जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया।